भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

24.07.2019 के

तारांकित प्रश्न सं. 457 का उत्तर

रेल ऊपरि पुलों का निर्माण

***457. श्रीमती नवनीत रवि राणाः**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या अमरावती-बडनेरा चमन नगर, पंच बंगला के बीच रेल ऊपरि पुल (आरओबी) के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त कार्य के कब तक पूर्ण होने की संभावना है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

रेल ऊपरि पुलों के निर्माण के संबंध में दिनांक 24.07.2019 को लोक सभा में श्रीमती नवनीत रवि राणा के तारांकित प्रश्न सं.457 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ग): जी हां। राज्य सरकार द्वारा बडनेरा-अमरावती खंड के बीच बडनेरा यार्ड के पार मौजूदा आरओबी के निकट कि.मी. 662/20-22 पर 12.0 मीटर चौड़े ऊपरि सड़क पुल (आरओबी) का निक्षेप शर्तों पर निर्माण करने का प्रस्ताव किया गया है। राज्य सरकार के आरंभिक प्रस्ताव की जांच की गई है और रेलवे की टिप्पणियों से राज्य सरकार को 17.10.2018 को अवगत करा दिया गया है। इस कार्य को राज्य सरकार की सहमति मिलने के बाद ही शुरू किया जा सकता है। पूरे आरओबी के कार्य को राज्य सरकार द्वारा किए जाने का प्रस्ताव है।

*****